महत्वपूर्ण/समयबद्ध

संख्या– 435486 /ई 109145/2026

प्रेषक,

रमेश कुमार सुधांशु,
प्रमुख सचिव,
उत्तराखण्ड शासन।

सेवा में,

1. **समस्त जिलाधिकारी**, उत्तराखण्ड।
2. **निदेशक**,कोषागार, पेंशन एवं हकदारी,उत्तराखण्ड, देहरादून।

वित्त अनुभाग–6 देहरादूनः दिनॉकः 25 सितम्बर 2026

विषयः– प्रस्तावित राष्ट्रव्यापी बैंक हड़ताल के दृष्टिगत राज्य सरकार के कार्मिकों एवं पेंशनरों को माह सितम्बर, 2026 के वेतन/पेंशन के भुगतान के संबंध में।

महोदय/महोदया,

कृपया उपर्युक्त विषयक अवगत कराना है कि भारत सरकार के वित्त मंत्रालय द्वारा निर्गत कार्यालय ज्ञाप संख्याः 416, दिनांकः 23.09.2026 (**छायाप्रति संलग्न**) द्वारा निर्धारित की गयी व्यवस्था के आलोक में अवगत कराना है कि आगामी दिनांक 28.09.2026 से 30.09.2026 तक तीन दिवसीय राष्ट्रव्यापी बैंक हड़ताल प्रस्तावित होने के दृष्टिगत उक्त अवधि में बैंकिंग लेन–देन प्रभावित होने की आशंका है; जिसके परिणामस्वरूप राज्य सरकार के कार्मिकों एवं पेंशनरों को सितम्बर माह के वेतन/पेंशन का भुगतान विलम्ब से होने की सम्भावना है।

2– उक्त के दृष्टिगत मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि राज्य सरकार के समस्त कार्मिकों एवं पेंशनरों का माह सितम्बर, 2026 के वेतन/पेंशन का भुगतान **दिनांकः 26.09.2026 (शनिवार)** तक करने का कष्ट करें।

3– कर्मचारी/पेंशनभोगी के पूरे माह के वेतन/पेंशन के निर्धारण के पश्चात, यदि कोई समायोजन आवश्यक हुआ, तो वह अक्टूबर, 2026 के वेतन/पेंशन से किया जाएगा। उक्त की यथाप्रक्रिया लेखांकन संबंधी कार्यवाही सम्पादित की जाएगी।

संलग्नकः यथोपरि।

भवदीय,

Digitally signed by
Ramesh Kumar Sudhanshu
Date: 25-09-2026 11:18:29

(रमेश कुमार सुधांशु)
प्रमुख सचिव।

Scanned with CamS